# दिनांक 02.01.2023 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की आहूत बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 02.01.23 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बाराबंकी द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुकम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपरान्ह 4:30 बजे जिला ग्राम्य विकास अभिकरण बाराबंकी के गांधी सभागार मे "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकरी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, बाराबंकी की अध्यक्षता मे की गयी। बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे:-

1- मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।

2- मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी।

3- प्रभागीय वनाधिकारी, बाराबंकी, स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य।

4- जिला विकास अधिकारी, बाराबंकी।

5- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाराबंकी।

6- जिला कृषि अधिकारी, बाराबकी।

7- अधि0अभि0, वाटर रिसो0/सिचाई, बाराबंकी।

8- अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण)/सचिव जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, बाराबंकी।

9- सहायक अभियन्ता उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।

10- मैसर्स पी0एन0सी0-एसपीएमएल(जेवी) पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक लि0 आगरा।

11- मैसर्स मेघा इन्जीनियरिंग एण्ड इफ्रास्ट्रक्चर्स लि0 एस-2 टेक्नोकेट इण्डिस्ट्रियल स्टेट, बालानगर, हैदराबाद।

जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 लखनऊ के शासनादेश सं0 07/2022/430/छिहत्तर-1 2022-25सम/2019 दिनांक 04 मार्च 2022 (पताका-1)के द्वारा प्रसारित निर्देश के अनुसार रू0 5.00 करोड़ तक लागत के डी0पी0आर0 का परीक्षण करके योजनाओं की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा प्रदान की जानी है तथा रू0 5.00 करोड़ से अधिक लागत के वेटिंग उपरान्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 पर अनुमोदोपरान्त अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) किसान बाजार, प्रथम तल, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को प्रेषित किया जाना है।

दिनांक 26.12.2022 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बाराबंकी की अध्यक्षता मे आहूत बैठक तक कुल 1426 राजस्व गांव हेतु 761 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत दिनांक 28.12.2022 तक कार्यदायी एजेन्सी मैसर्स पी0एन0सी0–एसपीएमएल(जेवी) पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक लि0 आगरा द्वारा 10नग (10 ग्राम पंचायत/14 राजस्व) डी0पी0आर0 खण्ड कार्यालय मे प्रस्तुत किये गये है।

प्रस्तुत समस्त 10 नग डी0पी0आर0 रू0 5.00 करोड़ लागत के अन्तर्गत एवं जल जीवन मिशन के अन्तर्गत दिनांक 11.08.2022 को सम्पन्न राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की सत्तरहवीं बैठक के एजेन्डा बिन्दु सं0–01 के प्रस्तर–4 के बिन्दु–3 के अनुसार प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000.00 के अन्तर्गत है पर अनुमोदन/स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। समिति के समक्ष प्रस्तुत डी0पी0आर0 पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सर्वसम्मति स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया।

**स्वीकृत की गयी योजनाओं का विवरण निम्नवत है:–**

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | यो0 की अनु0 ला0 (रू0 लाख में) | प्रति व्यक्ति लागत रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| जल जीवन मिशन फेज–3 | | | | | |
| **मै0 पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक लि0, आगरा** | | | | | |
| 1 | बंकी | सन्दौली उमरपुर | सन्दौली उमरपुर ग्राम पेयजल योजना | 363.31 | 6049 |
| 2 | मसौली | लक्सर बजहा | लक्सर बजहा ग्राम पेयजल योजना | 453.37 | 5803 |
| 3 | बंकी | महवामऊ | महवामऊ ग्राम पेयजल योजना | 270.32 | 6952 |
| 4 | बंकी | फतेहसराय | फतेहसराय ग्राम पेयजल योजना | 248.01 | 6200 |
| 5 | फतेहपुर | मदनपुर | मदनपुर ग्राम पेयजल योजना | 345.85 | 5220 |
| 6 | निन्दूरा | बुढ़ना | बुढ़ना ग्राम पेयजल योजना | 364.78 | 5394 |
| 7 | निन्दूरा | पिपरौली | पिपरौली ग्राम पेयजल योजना | 317.91 | 6540 |
| 8 | निन्दूरा | कतूरीकला | कतूरीकला ग्राम पेयजल योजना | 330.42 | 5503 |
| 9 | बंकी | माती | माती ग्राम पेयजल योजना | 383.18 | 5263 |
| 10 | फतेहपुर | नकटौली | नकटौली ग्राम पेयजल योजना | 282.32 | 6145 |
| | | | योग | **3359.57** | |

जिला पेयजल एव स्वच्छता मिशन, बाराबंकी की दिनांक 02.01.2023 की हुई बैठक मे 10 नग नवीन परियोजनाओं के निर्माण हेतु गठित डी0पी0आर0 पर अनुमोदन/स्वीकृति हेतु संस्तुति प्रदान की गयी।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी को निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बाराबंकी के माध्यम से अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) किसान बाजार, प्रथम तल, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ को डी0पी0आर0 अग्रसारित किये जाने से सम्बन्धित पत्र का आलेख भी प्रस्तुत करें।

अन्त मे अधिशासी अभियन्ता जल निगम, द्वारा समस्त आगंतुको का बैठक मे उपस्थित होने हेतु आभार व्यक्त करते हुये अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त की गयी।

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता जल निगम,
/सदस्य सचिव, जि0पे0 एवं स्व0मि0
बाराबंकी।

(सदस्य)
जिला कृषि अधिकारी,
बाराबंकी

(सदस्य)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बाराबंकी

(सदस्य)
जिला विकास अधिकारी,
बाराबंकी

(सदस्य)
अधिशासी अभियन्ता, सिचाई
बाराबंकी

(सदस्य)
अधिशासी अभियन्ता ग्राउण्ड
वाटर अयोध्या

(सदस्य सचिव)
अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0
जल निगम, बाराबंकी

(उपाध्यक्ष)
मुख्य विकास अधिकारी,
बाराबंकी

(अध्यक्ष)
जिलाधिकारी
बाराबंकी